# पी0एन0जी0राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर(नैनीताल)

स्थापित वर्ष –1976 ई0

☎:- 05947-251326
Fax:-05947-255757
✉:-principal_pngrmr@yahoo.co.in

# अभ्युदय

"स्वस्ति पंथामनुचरेम"

ई–बुलेटिन

अंकः प्रवेशांक–01 | पृष्ठ–13 | अन्तर्संस्थानिक सेवा | अक्टूबर–नवम्बरः 2021 | अवधि– द्विमासिक


## प्राचार्य की कलम से.......... ............



भूमण्डलीयकरण के इस दौर में विश्व ग्राम की परिकल्पना को इण्टरनेट ने सार्थक कर दिखाया है। विज्ञान की अद्भुत देनों में से एक इण्टरनेट ने हमारे मानस–जगत के मानचित्र को परिवर्तित कर नई दिशा की ओर ले जाने का कार्य किया है। जीवन का अभिन्न अंग बने इण्टरनेट के अभाव में आज जीवन अपूर्ण व कष्ट साध्य प्रतीत होता है। ई–कामर्स, ई–चैटिंग, ई–बैंकिंग, ई–गर्वनेन्स, ई–मेल, ई– बुलेटिन, वर्ल्ड वाइड वेब आदि आज आम–खास जनमानस हेतु सामान्य, सरल व सहज साधन हैं। महाविद्यालय स्तरीय ***ई–बुलेटिन 'अभ्युदय'*** की अवधारणा इसी प्रेरणा बिन्दु के आधार पर धरातलीय रूप में विद्यार्थी–समाज–प्राध्यापक के स्वर्णिम त्रिकोण को परस्पर रचनात्मक रूप दे पायेगी ऐसी आशा है। कॉलेज की श्रेष्ठ रचनाएं, साहित्य, लेख, शोध, अनुसंधान एवं उपलब्धियाँ कम समय में अधिक से अधिक जनों तक सरलता व मितव्ययता के साथ पहुँच पायें, शिक्षण–शिक्षणेत्तर कार्य गतिविधियों की वास्तविक सामाजिक उपादेयता तब ही सफल होगी जबकि हमारा आदर्श, यथार्थ के रूप में उतर सकें। अध्ययन–अध्यापन, चिंतन–मनन, आचरण, आवरण युक्त कवच–कलेवर के बौद्धिक परिवेश में विचरण करती हमारी युवा पीढ़ी की सुचारित्रिक औद्यानिक सुगन्ध देश–देशान्तर में विस्तीर्ण हो सके यह ही सही मायने में संस्था के उच्च चरित्रवान युवाओं के 'अभ्युदय' का मंच सिद्ध होगा।

इण्टरनेट के जनक ***प्रो0 जे0सी0 लिक्लाइडर*** महोदय की कल्पनाओं में रहा होगा कि यह तकनीक आम अवाम के लिए कितनी क्रान्तिकारी अनुसंधान के मील का पत्थर सिद्ध होगी। सन् 1990 ई0 में टिन बर्नर ली के 'वर्ल्ड वाइड वेब' के अविष्कार के उपरान्त इण्टरनेट को नित नई दिशाएँ मिलती गई। वैश्वीकरण के उदारवादी चेहरे ने इण्टरनेट की सुलभ सहायता से सीमाओं की संकीर्णता को दूर किया है। प्रत्येक नव उपलब्धि के हानि–लाभ समान पहलू हैं। हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ नई तकनीक संसाधन व समाधान से युक्त होते जा रहे हैं। ज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी के समकालीन युग में महाविद्यालय की अभिनवकारी गतिविधियाँ हमें उत्तरोत्तर प्रगतिगामी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। संस्था की महतीय उपलब्धियाँ नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी हो सके, हमारे मानव संसाधन, भौतिक संसाधनों से संतुलन बनाते हुए आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर अपनी गरिमामय परम्परा का आत्मावलोकन के साथ अग्रसर होंगी। चूँकि सामाजिक नैतिक मूल्य किसी भी समाज–संस्था की मौलिक परिचय होती हैं। परिवर्तन प्रकृति की शाश्वत प्रक्रिया है, परिवर्तन ही जीवन है, स्थिरता व ठहराव में जीवन गति का अभाव व ताजगी का प्रभाव अपेक्षाकृत कम देखा गया है। बस इतना कहना है–**"मीलों हम आ गये हैं। मीलों हमें जाना है।"**

*सम्पादकीय*

# तकनीक बनाम निजता

'तकनीक मनुष्य के लिए या मनुष्य तकनीक के लिए', यह मंथनीय प्रश्न आज एक पल ठहरकर विचारणीय है। अग्नि के आविष्कार से गॉड पार्टिकल तक की अद्यतन जीवन यात्रा में हमने विकास के अनेक सोपान तय किये हैं। क्या नई तकनीक ने हमारी सृजनात्मक संभावनाओं पर प्रश्न चिन्ह तो नहीं लगा दिया। सुविधा न जाने चुपके से दबे पाँवों कब दुविधा के दायरे में आ गई, घड़ी भर सोचने का विषय है। नवलता का अभिनन्दन एवं पुरातनता का सम्मान करना हमारी जीवन शैली का अंश रहा है। नव्यतम तकनीकी संसाधनों ने हमारी सृजनधर्मिता को नित नये आयाम प्रदान किये हैं। पर क्या हम कहीं उपभोक्ता मात्र तो बनकर नहीं रह गये? हमारी मौलिकता–रचनात्मकता कहीं दिनों–दिन विलुप्ति की ओर तो नहीं बढ़ रही है? यह सत्य है कि आज आपकी रचना, वस्तु, उत्पाद, उपलब्धि आदि कम समय में अधिक से अधिक लोगों तक तकनीक ही पहुँचा रही है। आज हम सामान्य रूप से देख सकते हैं कि सार्वजनिक जीवन, परिवहन, कार्यालय आदि में प्रत्येक वर्ग के लोग मोबाईल–एन्ड्रायड आदि में कितना दैनिक समय किस रूप में व्यय कर रहे हैं? क्या यह हमारे समय, निजता व सामूहिकता को अतिक्रमित नहीं कर रहा है? प्रायः देखने में आता है कि छोटी से छोटी बातों की पुष्टि गणना, विनिश्चय हेतु गूगल, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग सामान्य सी बात है पर क्या यह पराश्रयता हमारी गुणवत्ता में वृद्धि कर रही है या ह्रास! कभी ऐसा भी लगता है कि रचनात्मक संभावना की वैचारिक भ्रूण हत्या के लिए यह अत्याधुनिक तकनीक क्या वास्तव में जिम्मेदार है? 'कॉपी, कट, पेस्ट' की बहुतायत संस्कृति ने वास्तविक चिंतन, लेखन को प्रोत्साहित किया है या हतोत्साहित, तकनीक रचनाधर्मिता की सहायक सामग्री थी न कि मूलात्मा को बाधित करने हेतु। पुनरावलोकन का विषय है क्या तकनीकी ने मनुष्य को दास बना दिया है?

**निदेशक, उच्च शिक्षा, उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा परिषद् एवं प्राचार्य कोरोना योद्धा पुरस्कार प्रदान करते हुए**




**एन0सी0सी0 कैडैट्स को सम्बोधित करते प्राचार्य**



**मा0 उच्च शिक्षा मन्त्री एवं क्षेत्रीय विधायक द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण**







*शत्रु अधिक बलशाली हो तो क्रोध प्रकट न करें, शान्त हो जाये। –विष्णुशर्मा, पंचतंत्र*

# कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचन्द को याद किया




उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचन्द जी की 85वीं पुण्यतिथि पर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 08 अक्टूबर 2021 को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विभाग प्रभारी डॉ0 प्रीति त्रिवेदी ने मुंशी प्रेमचन्द के साहित्यिक अवदान पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी उपन्यास जगत में मुंशी प्रेमचन्द एक मील का पत्थर है, उनके बिना हिन्दी साहित्य के कथा संसार की विवेचना अपूर्ण है। आदर्शोन्मुखी–यथार्थवादी उपन्यासकार प्रेमचन्द के जनसरोकार जितने गहन व सर्वव्यापी थे उनकी भाषा उतनी ही सरल, सहज, बोधगम्य व मुहावरेदार है। उन्होंने कहा कि यह प्रेमचन्द ही थे, जिन्होंने हिन्दी कहानी जगत को मात्र मनोरंजन के दायरे से निकालकर समाज सुधारपरक रचनाएं दी उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं, निःसन्देह वह कालजयी रचनाकार हैं। ***समाज के दबे–कुचले दलित शोषित एवं पिछड़े वर्ग सहित गरीब, निर्बल महिला तथा किसान की वेदना को प्रेमचन्द की तूलिका से आज भी जीवन्त रूप में महसूस किया जा सकता है। लगता है 'होरी' आज भी हमारे आस–पास कहीं विचरण कर रहा है।*** कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को भाषण प्रतियोगिता के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी इस अवसर पर सफल आयोजन किया गया। ऑन लाइन सम्पन्न इस कार्यक्रम में विभाग के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

दि0 12 नवम्बर 2021 को हिन्दी विभाग द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला में ***'उत्तराखण्ड राज्य एक सिंहावलोकन'*** शीर्षक पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये, सभाध्यक्ष प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0 पाण्डे ने छात्र–छात्राओं को राज्य की उपलब्धियों, विभूतियों सहित स्थानीय लोक संस्कृति एवं भाषा बोली–सभ्यता पर विशेष ध्यानाकर्षण की अपेक्षा व्यक्त की। विभाग प्रभारी डॉ0 प्रीति त्रिवेदी ने नवगठित राज्य में युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला।

कुलानुशासक डॉ0 जी0सी0 पन्त ने राज्य की अपनी मौलिक विशेषता के प्रति नई पीढ़ी को ध्यान देने की अपेक्षा की। डॉ0डी0सी0 पाण्डेय ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के बाद विकास के विविध आयाम प्रस्तुत करने के साथ ही एक सिंहावलोकन पर भी बल दिया। डॉ0 डी0एन0 जोशी ने राज्य की भौगोलिक सीमाओं का परिचय कराते हुए, छात्र–छात्राओं के समक्ष राज्य की पृष्ठ भूमि प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ0 सुमन कुमार, डॉ0 दुर्गा तिवारी, डॉ0 ज्योति मौलेखी, शोध छात्र पवन कुमार, पंकज एवं अनेक छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। विभाग प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया है कि विगत 02 माहों में हिन्दी विभाग के प्राध्यापकों के ***विश्वविद्यालय अनुदान आयोग*** द्वारा अधिकृत मान्य शोध पत्र–पत्रिकाओं में पाँच शोध–पत्र प्रकाशित हुये हैं तथा आगामी परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त विभागीय परिषद् का गठन किया जायेगा।

**हिन्दी विभाग की परिषदीय गतिविधिया : एक झलक**



# स्नातक विज्ञान संकायः इंडक्शन कार्यक्रम 2021–2022 का आयोजन

स्नातक प्रथम वर्ष विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान विभाग में सत्र 2021–2022 हेतु नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य महोदय ने छात्र–छात्राओं के बहुमुखी विकास एवं व्यक्तित्व उत्थान पर बल दिया। मुख्य शास्ता/कुलानुशासक ने विद्यार्थियों को अनुशासन सम्बन्धित दिशा–निर्देश प्रदान किये विभागाध्यक्ष रसायान विज्ञान डॉ0 जे0एम0एस0 नेगी ने दैनिक जीवन में रसायन विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक डॉ0 भावना पन्त, डॉ0

**स्नातक विज्ञान संकाय : इंडक्शन कार्यक्रम में सम्बोधित करते प्राचार्य**





*क्रोध का बेहतरीन इलाज खामोशी है।* *–स्वामी विवेकानन्द।*

पी0सी0 पालीवाल, डॉ0 नवभा जोशी, डॉ0 मनोज नैनवाल सहित डॉ सुभाष पोखरियाल, डॉ0 प्रदीप पाण्डे, डॉ0 रागिनी आदि उपस्थित थे। डॉ0 प्रमोद जोशी ने गणित के विविध पहलुओं का परिचय विद्यार्थियों से संक्षिप्त में कराया, छात्र–छात्राओं द्वारा विविध शिक्षणेत्तर गतिविधियों जैसे नमामि गंगे, गॉधी जयन्ती, शास्त्री जयन्ती, नशा मुक्त अभियान, राष्ट्रीय एकता दिवस, राज्य स्थापना दिवस, सिविल सर्विसेज की तैयारी कैसे करें? में प्रतिभाग किया गया। शीघ्र ही विभाग द्वारा परिषदीय गतिविधियाँ परिषद गठित होने के उपरान्त की जायेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 एस0 एस0 मौर्य द्वारा किया गया।

## समाजशास्त्र में गुरु दिवस व्याख्यानमाला का आयोजन प्रस्तावित

विभाग प्रभारी समाजशास्त्र ***प्रोफेसर सुमन कुमार*** से प्राप्त सूचना के अनुसार आगामी 03 फरवरी 2022 को गुरु दिवस व्याख्यानमाला का आयोजन विशेष सन्दर्भदाता द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। सत्र 2021–22 हेतु विभागीय परिषद का गठन शीघ्र किया जायेगा। प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त सक्रिय अधिगम संवर्ग सहित विषय सम्बन्धित ***हेल्प डेस्क*** का भी गठन किया जायेगा, जिससे कि अधिक से अधिक छात्र विषय सम्बन्धित सुविधा का लाभ एवं जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## वाणिज्य संकाय रामनगर को हिमालयी शैक्षिक उत्कृष्टता अवार्ड 2021

***हिमालयी शैक्षिक उत्कृष्टता अवार्ड 2021*** के अन्तर्गत वाणिज्य विभाग राज0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय ***रामनगर को राज्य का सर्वश्रेष्ठ वाणिज्य संस्थान*** का पुरस्कार प्रदान किया गया। देहरादून में अवार्ड प्राप्त करने के उपरान्त विभाग प्रभारी डॉ0 के0के0 पन्त ने बताया कि यह विभाग के समस्त प्राध्यापकों के अथक परिश्रम एवं प्राचार्य महोदय के कुशल दिशा–निर्देशों फलस्वरूप प्राप्त उपलब्धि है। डॉ0 पन्त के अनुसार विगत दो माहों में वाणिज्य संकाय के चार शोध पत्र ***वि0वि0 अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित पत्र–पत्रिकाओं*** में प्रकाशित हुए। सत्र 2021–2022 में बी0कॉम0 प्रथम वर्ष हेतु आनलाइन पंजीकृत 644 में से 376 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। दि0 24 नवम्बर 2021 को वाणिज्य संकाय रामनगर द्वारा ***'वित्तीय प्रबन्धन एवं नियोजन' विषय पर SEBI एवं AWOKE INDIA*** द्वारा वेबीनार का सफल आयोजन कियाा गया। कार्यक्रम में संरक्षक प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0 पाण्डे ने सम्बोधित करते हुए छात्र–छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों से अधिक से अधिक जुड़ने का आह्वान किया। आयोजन सचिव विभाग प्रभारी वाणिज्य रामनगर डॉ0 पन्त ने समस्त वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि शिक्षण सत्र 2021–22 में माह दिसम्बर एवं जनवरी 2022 में विभागीय परिषद का गठन कर विभिन्न परिषदीय गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। जिसमें विभाग से समस्त प्राध्यापकों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रति युवाओं में आकर्षणः

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में संचालित विविध व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या उनके उत्साह एवं पाठ्यक्रमों की लोकप्रियता का प्रमाण है। डिप्लोमा इन आफिस मैनेजमेंट एण्ड सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस के प्रभारी डॉ0 दीपक खाती के अनुसार कोर्स हेतु उपलब्ध 40 रिक्तियों के सापेक्ष वर्तमान मे प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। वाह्य क्षेत्रों से अनुभवी सन्दर्भदाताओं द्वारा समय–समय पर व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। स्वतः रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दृष्टि से यह कोर्स स्टेनोग्राफर, कार्यालय प्रबन्धन, पत्रकार, आशुलिपिक व वैयक्तिक सहायक हेतु प्रतिभागियों को तैयार करता है। प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके इस संस्था के छात्र टाइम्स ऑफ इण्डिया आदि अन्य निजी क्षेत्रों में कुशलतापूर्वक कार्य करते हुए सम्मानजनक रोजगाररत हैं।

**सप्त दिवसीय रा0से0यो0 बालिका वर्ग शिविर**



# भारतीय राष्ट्रीय आंकिक पुस्तकालय : अभिविन्यास कार्यक्रम सम्पन्न

महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान प्रभारी एवं नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया के संस्था क्लब सचिव डॉ0 सुभाष पोखरियाल ने अवगत कराया कि दि0 01 अक्टूबर 2021 को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं क्लब के ***अध्यक्ष डॉ0 एम0सी0पाण्डे ने एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम में*** पाठकों/उपभोक्ताओं को कोविड–19 के दौर में डिजिटल पुस्तकालय के महत्व पर सम्बन्धित विषयगत जागरूकता पर बल दिया। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पोषित उक्त कार्यक्रम द्वारा तकनीकी के अधिकाधिक प्रयोग द्वारा विश्व स्तर की किसी भी पुस्तक का स्क्रीन अध्ययन किया जा सकता है। इस क्रम में छात्र–छात्राओं हेतु 01 नवम्बर 2021 को भी क्रियात्मक गतिविधि सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# गुरु दिवस व्याख्यानमाला का ऑनलाइन आयोजन सम्पन्न

महाविद्यालय गृह विज्ञान प्रभारी डॉ0 निवेदिता अवस्थी द्वारा बतौर आयोजन सचिव दि0 25.11.2021 को ***'प्रिवायोटिक न्यूट्रोनल इनग्रिडेन्ट फॉर ह्यूमन हेल्थ'*** शीर्ष पर गुरु व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के 70 से अधिक छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ***मुख्य सन्दर्भदाता डॉ0 प्रियाली शाह, पोषण वैज्ञानिक, इनोवेशन सेन्टर, टाटा कैमिकल्स पुणे महाराष्ट्र*** ने मानव स्वास्थ्य हेतु प्रीवायोटिक्स के कार्यों तथा उनके खाद्य स्रोतों के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ऑनलाईन सम्पादित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों सहित शोध छात्र–छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संरक्षक प्राचार्य प्रोफेसर एम0सी0 पाण्डे ने गृह विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता विषयक कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम कराये जाने पर बल प्रदान किया।

# गीत, संगीत एवं नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित

राज्य स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा ***'उत्सवधर्मी उत्तराखण्ड के लोक संगीत'*** विषय पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ***गढ़वाली, कुमाउनी लोकगीतों एवं नृत्य*** की धूम रही। छात्र–छात्राओं द्वारा एकल एवं युगल प्रस्तुतियाँ मनोहारी ढंग से प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0 पाण्डे ने संगीत का जीवन में महत्व एवं राज्य की मौलिक गीत–संगीत संस्कृति को आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रूप में हस्तान्तरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। गायन एवं वादन के विविध कार्यक्रमों का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ0 शिप्रा पन्त ने कुमाउनी–गढ़वाली शगुनाखरों एवं 'जै–जय हो बदरीनाथा, जै काशी केदारा जै–जै हिमाला' सदाबहार कुमाउनी लोकगीत प्रस्तुत किया। मनीषा बोरा, आभा बिष्ट आदि सखियों द्वारा राज्य गीत की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। श्वेता परासर ने ***'ठंडो रे–ठंडो.....'*** एवं शिखा सत्यवली ने ' न जा ना जा तू भेलू पखाड़ सिदेरी घसेरी' गीत गाया रचना परिहार ने 'रुपसा रमोती घुंघुर .....' हर्षिता कोहली ने ***'बेड़ु पाको बार मासा.....'*** तथा रवीना भूषण ने 'तेरो लहंगा–क्या भल...... 'गीत पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कुलानुशासक डॉ0 जी0सी0 पन्त, डॉ0 प्रीति त्रिवेदी, डॉ0 सुमन कुमार, डॉ0 दुर्गा तिवारी, डॉ0 ज्योति मौलेखी, डॉ0 किरन कुमार पन्त, डॉ0 निवेदिता अवस्थी सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित थे। समस्त संगीतात्मक कार्यक्रमों में तबले पर संगत तबला सहायक श्री गोविन्द मेवाड़ी द्वारा की गई।

**छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुति**






*मूर्खों को ही क्रोध होता है ज्ञानियों को नहीं —विष्णुपुराण*

## शिक्षा संकाय :

महाविद्यलाय रामनगर के बी0एड0 पाठ्यक्रम के छात्र अध्यापकों एवं प्राध्यापकों द्वारा अध्ययन, अध्यापन के अतिरिक्त समस्त शिक्षणेत्तर गतिविधियों में सक्रिय प्रतिभाग किया गया। यथा ***राज्य स्थापना दिवस, तम्बाकू विषयक जागरूकता, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता*** अभियान आदि कार्यक्रमों में समस्त छात्र अध्यापकों द्वारा सक्रिय भागीदारी की गयी है।

## अनुशासन सर्वोच्च वरीयता: कुलानुशासक

कोविड–19 एस0ओ0पी0 के मानकनुसार कुलानुशासक डॉ0 जी0सी0 पन्त द्वारा वि0वि0 परीक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया के साथ ही परिसर की समस्त आनुषंगिक गतिविधियों एवं क्रियाकलापों में यथोचित महती भूमिका का निर्वहन किया गया। परिसर में बाहरी/असामाजिक तत्वों का प्रवेश न होने पाये इस हेतु मुख्य शास्ता के नेतृत्व में शास्ता मण्डल के सदस्यों का समूहवत् एवं एकल भ्रमण/निरीक्षण सतत् बना रहता है, जिससे कि महाविद्यालय में अनुशासन बना रहें। ***औचक निरीक्षण में प्रथम दृष्टया किसी भी छात्र–छात्रा, संदिग्ध से परिचय पत्र एवं आवश्यकता पढ़ने पर सघन पूछताछ भी की जाती रही।*** ध्वनि विस्तारक की सहायता से उच्च स्तर से प्राप्त विविध दिशा–निर्देशों, सूचनाओं का अविरल अनुप्रसारण संस्था परिसर में किया जाता रहता है। अन्तर्महाविद्यालय क्रीड़ा स्पर्धाओं की तैयारी चरम पर रही। विद्यार्थी, महाविद्यालय प्रशासन के मध्य प्राध्यापकों एवं अन्य कार्यक्रमों सहित सन्तुलन बनाये रखने हेतु मुख्य शास्ता द्वारा प्रयास अविरल हैं। महाविद्यालय की ***गरिमा एवं संस्था की छवि को उत्तरोत्तर विकसित*** करने के लिए कुलानुशासक द्वारा उच्च स्तर से प्राप्त आदेश निर्देशों का अक्षरतः अधीनस्थों के मध्य अनुपालन सुनिश्चित कराया जाता है।

**कुलानुशासक : डॉ0 जी0सी0 पन्त**



## 'मैं नहीं किन्तु आप' समय की आवश्यकता : रा0से0 योजना

महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवायोजना वरि0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगमोहन सिंह नेगी के नेतृत्व में परिसर में इकाइयों द्वारा विविध कार्यक्रमों का सतत् संचालन किया गया। दिनांक 02 अक्टूबर को गाँधी की एवं शास्त्री जी जयन्ती के शुभ अवसर पर सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर एम0सी0पाण्डे ने छात्र–छात्राओं को गॉधी जी एवं श्री शास्त्री के त्याग, अहिंसा एवं सादगी सत्य के सिद्धान्तों को जीवन में उतारने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ***05 अक्टूबर को नमामि गंगे के अन्तर्गत कोसी एवं सहायक नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता पर बल प्रदान किया गया।*** दिनांक–08 अक्टूबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए पी0एल0वी0 श्री जीवन सत्यबली नशामुक्त युवा पीढ़ी आज की आवश्यकता पर व्याख्यान दिया। अधिवक्ता प्रभात ध्यानी ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। ***रामनगर कोतवाली के ए0एस0आई0 मुनव्वर हुसैन*** ने नशे के दुष्परिणामों की ओर युवाओं का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर वरि0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगमोहन सिंह नेगी ने इस तरह के कार्यक्रमों को आज की जरूरत बताते हुए युवाओं को विवेकानन्द से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी नमामि गंगे डॉ0 धीरेन्द्र सिंह, सीनीयर सिटीजन कमेटी रामनगर के सचिव पी0सी0जोशी, मुकेश सत्यवली, आशीष सत्यवली कास्टेबल, वीरेन्द्र पाल सहित खुशी रावत व मुस्कान आदि ने प्रतिभाग किया।

कोसी में विगत माह आई भीषण बाढ़ से प्रभावित आपदाग्रस्त ग्रामों कुनखेत, चुकुम, मोहान, सुंदरखाल आदि के ***1000 विद्यार्थियों हेतु 'रचनात्मक***

***शिक्षक मण्डल व नेकी की दीवार,*** के संयुक्त तत्वाधान में रा0से0या0इ0 रामनगर द्वारा ट्रेकसूट, गर्भ कपड़े, शैक्षणिक सामग्री, जूते व अन्य सामग्री, हस्तगत की गई। इस हेतु वरि0 कार्यक्रम अधिवक्ता ***डॉ0 नेगी द्वारा प्रभावितों हेतु रू0 1000/– (रू0 एक हजार) की धनराशि भी प्रदान की गई।*** 29 अक्टूबर को परिसर में सम्पन्न उक्त कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रीति त्रिवेदी व कुलानुशासक डॉ0 जी0सी0पन्त समारोहक डॉ0 डी0एन0 जोशी सहित सहा0 कार्य अधि0 डॉ0 कुसुम गुप्ता एवं डॉ0 अभिलाषा कन्नौजिया, ***नवेन्दु मठपाल आदि पदाधिकारी*** उपस्थित रहें।

29 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर रा0से0यो0, रा0कै0का0 रेंजर्स को कुलानुशासक द्वारा प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं को शपथ प्रदान की गई। 09 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रीति त्रिवेदी ने राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राज्य निर्माण में नई पीढ़ी के योगदान व भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में कुलानुशासक, समारोहक, राष्ट्रीय कैडिट कोर प्रभारी, रा0से0यो0 प्रभारी योग प्रशिक्षक, रोवर्स प्रभारी, कॉलेज एम्बेसडर उपस्थित रहे। ***दिनांक 20 नवम्बर को महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल एवं स्वीप*** के निर्देशों के क्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर एम0सी0 पाण्डे ने उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता राष्ट्र को सशक्त बनाता है इसलिए पहले बतौर मतदाता पंजीकरण अनिवार्य शर्त है। इस क्रम में पुस्तकालय भवन के समक्ष मतदाता पंजीकरण पटल स्थापित किया गया था ***जिसमें 01.01.2022 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थी*** विधिवत् अपना पंजीकरण कर नागरिक होने का मताधिकार प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल, तहसीलदार विपिन चन्द्र पन्त एवं कुलानुशासक उपस्थित रहे।

दिनांक–23 नवम्बर को रा0से0यो0 के तत्वावधान में आयोजित शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता ***नुक्कड़ नाटक 'रथ यात्रा' में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रीति त्रिवेदी, ए0आर0टी0ओ0 रामनगर विमल कुमार पाण्डे ने नाटक के कलाकारों का प्रोत्साहन किया*** तथा विद्यार्थियों को भारत निर्वाचन आयोग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2022 की व्यापक–विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। दिनांक 26 नवम्बर को आयोजित सम्मान समारोह में ***आई0पी0एस0 में चयनित स्थानीय युवा श्री देवांश पांडे ने छात्र–छात्राओं की शंकाओं का निराकरणकर अपने अनुभव साझा किये।*** प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नवीन ज्ञान एवं तकनीक के साथ ही विषयगत गम्भीरता पर बल दिया तथा कहा कि ध्यान केन्द्रित कर लक्ष्य को साधना से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में देवांश के पिता श्री, पूर्व छात्र प्रतिनिधि श्री गणेश रावत, मंगल जी, कुलानुशासक डॉ0 जे0एम0एस0नेगी, डा0 प्रमोद जोशी, प्रोफेसर सुमन कुमार, डॉ0 किरन पन्त, डॉ0 निवेदिता अवस्थी, डॉ0 भावना पंत, डॉ0 एस0एस0 मौर्य, डॉ0 सुभाष, डॉ0 पी0सी0 पालीवाल, डॉ0 राकेश, डॉ0 नवभा, डॉ0 दीपक खाती एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

दिनांक 30 नवम्बर को रा0से0यो0 का एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता विषय केन्द्रित इस कार्यक्रम में तहसीलदार बी0सी0पन्त, राजस्व उपनिरीक्षक श्री घिल्डियाल, कुलानुशासक डा0जी0सी0 पन्त, वरि0 कार्यक्रम अधि0 डॉ0 जगमोहन सिंह नेगी, डॉ0 कुसुम गुप्ता, डॉ0 अभिलाषा कन्नौजिया, डॉ0 सुमन कुमार, डॉ0 मौर्य, डॉ0 डी0एन0जोशी सहित वरि0 प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहें। रा0से0यो0 के इस शिविर कार्यक्रम में छात्रों को भावी शिविरों की भी सूचना निर्गत की गई।

**नशा मुक्त समाज विषय पर सम्बोधित करते हुये कोतवाली रामनगर ए0एस0आई0 मुनब्बर हुसैन**



**वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी : डॉ0 जे0एम0 नेगी**



# समाज कल्याण छात्रवृत्ति हेतु पंजीकरण

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति प्रभारी प्रोफे0 सुमन कुमार ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय ***छात्रवृत्ति पोर्टल पर संस्था के 649 छात्र–छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया गया।*** आवेदनों पत्रों का सत्यापन कर शेष प्रक्रिया गतिमान है। डॉ0 सुमन ने कहा कि सरकार की उक्त ***महत्वाकांक्षी योजना*** का लाभ अधिकाधिक जरूरतमन्दों को प्राप्त हो सकें। इस हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विधिवत पूरित आवेदन पत्रों की औपचारिकताओं को ध्यान में रखने का मार्गदर्शन अनुपालित किया गया।

समाज कल्याण विभाग एवं महाविद्यालय समाज कल्याण ईकाई द्वारा 'निर्वाण' एवं 'विकल्प' संस्थाओं के साथ संयुक्त से नुक्कड़ नाटक एवं परामर्श–निर्देशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी समाज कल्याण डॉ0 सुमन कुमार ने इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी, ***'निर्वाण' एवं 'विकल्प'*** स्वयं सेवी संस्था के पदाधिकारियों व महाविद्यालय प्राध्यापक/प्राध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रीति त्रिवेदी, कुलानुशासक द्वारा भी उपस्थित दर्शकों/पाठकों को सम्बोधित किया गया।

रोवर रेंजर्स प्रभारी डॉ0 सुमन कुमार से प्राप्त सूचना के अनुसार भारत स्काउट गाइड उत्तराखण्ड द्वारा देहरादून में आयोजित रोवर–रेंजर्स की निपुण परीक्षा में 03 प्रतिभागियों द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण सफलता प्राप्त की।

# आपदा प्रबन्धन इकाई गठित

महाविद्यालय आपदा प्रबन्धन इ0 प्रभारी के अनुसार संस्था में उक्त इकाई का गठन किया गया जिसमें डॉ0 ममता भदोला जोशी व डॉ0 रश्मि आर्या को सदस्य नामित किया गया। आपदा काल में उच्च शिक्षा के योगदान पर एक बैठक आयोजित की गई ***एन0आई0डी0एम0 की रूपरेखा*** पर विस्तृत प्रकाश डॉ0 अभिलाषा कन्नौजिया प्रभारी आपदा प्रबन्धन द्वारा डाला गया।

# मुख्य परीक्षा 2020–2021

महाविद्यालय में कु0वि0वि0नैनीताल के कार्यक्रमानुसार ***दि0 10 सितम्बर से 27 नवम्बर 2021*** तक पारदर्शी सुचितापूर्ण ढंग से निर्वाध सम्पन्न हो गई। परीक्षा प्रभारी महाविद्यालय डॉ0 शरद भट्ट से प्राप्त सूचना के क्रम में स्नातक स्तर पर 2720 तथा परास्नातक स्तर पर 460 विद्यार्थियों ने उक्त परीक्षा में प्रतिभाग किया। वार्षिक समसेमेस्टर/व्यक्तिगत, अंक सुधार के अतिरिक्त बी0एड0, योगा तथा बी0एड0 प्रवेश परीक्षा में 508 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। डॉ0 भट्ट ने बताया कि महाविद्यालय की समस्त परीक्षाऐं विश्वविद्यालय के मानकानुसार और अधिक पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करने हेतु प्रयास अविरल है।

# जन सेवा लक्ष्य हमारा

महाविद्यालय रा0से0यो0 छात्रा ईकाई प्रभारी डॉ0 कुसुम गुप्ता एवं डॉ0 अभिलाषा कन्नौजिया के नेतृत्व में विविध शिक्षणेत्तर गतिविधियों में रा0से0यो0 की छात्राओं द्वारा सक्रिय भागीदारी की गई। ***05 अक्टूबर 2021 को वन्य प्राणी सप्ताह, तथा नदियों के प्रति जागरूकता–स्वच्छता अभियान सम्पन्न हुआ। 28 अक्टूबर को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। 30 अक्टूबर को मुस्कान कार्यक्रम द्वारा आपदाग्रस्त बच्चों हेतु किट सामग्री वितरित की गई। 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।*** जिसमें लौह पुरुष पटेल जी का भावपूर्ण स्मरण किया गया। ***09 नवम्बर को अखण्ड उत्तराखण्ड विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।*** कोविड–19 से बचाव हेतु स्वयं सेवकों द्वारा रंगोली कार्यक्रम भी मनाया गया। 26 नवम्बर को संविधान दिवस में रा0से0यो0 की छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। प्राचार्य द्वारा इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करती है।

**शिविर प्रस्थान हेतु स्वयं सेवी**



# स्वीप अभियान गतिमान

महाविद्यालय छात्रा संवर्ग कैम्पस अम्बेसेडर डॉ0 कुसुम गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 नरवम्बर 2021 को बूथ लेबल आफीसर से मिलकर 50 जनसामान्य एवं 09 छात्र–छात्राओं को मतदाता पंजीकरण किया गया। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत दि0 23 नवम्बर एवं 26 नवम्बर को स्वयं सेवियों की सहभागिता से ***मतदाता पंजीकरण जागरूकता विषयक*** विविध कार्यक्रम विधिवत आयोजित किये गये।

**स्वीप जागरूकता अभियान करते स्वयं सेवी**




# कैरियर काउंसलिंग सैल द्वारा देवांश का अभिनन्दन

भारतीय प्रशासनिक सेवा पुलिस संवर्ग में चयनित स्थानीय युवा श्री देवांश पांडे का महाविद्यालय द्वारा अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इकाई ने विविध संकाय–विषय विभागों द्वारा गुरु व्याख्यान माला का सफल आयोजन किया। वाणिज्य एवं गृहविज्ञान द्वारा सम्पन्न उक्त व्याख्यान श्रृंखला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। सिविल सेवाओं की तैयारियों में संलग्न छात्र–छात्राओं को श्री देवांश पांडे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्थानीय संभ्रान्तगण प्राचार्य, कुलानुशासक, समारोहक एवं छात्र प्रतिनिधि सहित अनेक छात्र–छात्राएं उपस्थिति थी। ***प्राचार्य प्रोफेसर एस0सी0 पाण्डे, श्री देवांश पाण्डे की उपलब्धि को महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिये प्रेरणा पुंज बताया। पूर्व छात्र प्रतिनिधि श्री गणेश रावत ने देवांश की इस उपलब्धि को एक आदर्श उदाहरण बताते हुए कहा कि कम संसाधनों में भी उच्च स्तर की सफलता प्राप्त की जा सकती है। देवांश के पिता ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि देवांश की सफलता में उनकी माता श्री की समर्पण एवं सहयोग को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।*** कार्यक्रम का संचालन प्रभारी कैरियर काउंसलिंग इकाई डॉ0 अनुराग एवं कॉलेज एम्बेसडकर डॉ0 डी0एन0 जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

**रामनगर से आई0पी0एस0 में चयनित देवांश द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन**




# राज्य स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

महाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 शिप्रा पंत ने अवगत कराया कि ‘संगीतायन’ एवं ‘नृत्य–नाट्य मंच’ के विद्यार्थियों ने 11 नवम्बर को उत्तराखण्ड महोत्सव कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियाँ बटोरी/अनुभाग प्रभारी डॉ0 पंत ने इस अवसर पर राज्य की भौगोलिक, आर्थिक, सामाजिक, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि सांस्कृतिक कलेवर के साथ प्रस्तुत की। उन्होंने उत्तराखण्ड के परिधान, आभूषण, वाद्ययंत्र, लोकगीत, संस्कार व गरिमामय परम्परा के संरक्षण का आह्वान किया। इस

**नशा मुक्त समाज पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति**





*जन्नत उन लोगों के लिए है, जो अपने गुस्से को काबू में रखते हैं।   –हजरत मुहम्मद।*

शुभ अवसर पर महाविद्यालय के ***प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0 पाण्डे ने राज्य स्थापना की शुभकामनाओं के साथ नई पीढ़ी से अपनी गौरवमयी विरासत को सहेजने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अपनी मौलिकता व अस्मिता के द्वारा ही हमारी पहचान अन्य क्षेत्रों व समाजों में प्रकट होती है तथा मेले और लोक–संस्कृति हमारी सभ्यता के वाहक होते हैं।*** अतः फूहड़ता को छोड़ गरिमामय परम्परा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सभा में कुलानुशासक डॉ0 जी0सी0 पन्त, समारोहक सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक/प्रध्यापिकाएं एवं अनेक छात्र–छात्राएं उपस्थित थी।

# झलकियां

## आवागमन :

वाणिज्य संकाय के विभाग प्रभारी लेफ्टि0 (डॉ0) धर्मेन्द्र कुमार एसो0प्रोफे0 को श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाही थौल टिहरी गढ़वाल के नव–सृजित परिसर ऋषिकेश हेतु दि0 09 अक्टूबर 2021 को भावभीनी विदाई स्टाफ क्लब के नेतृत्व में प्रदान की गई। प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0 पाण्डे ने संस्था में उनके महती योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें महाविद्यालय परिवार की ओर से अशेष शुभकामनाएं प्रदान की। डॉ0 धर्मेन्द्र ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग से डॉ0 किरन पन्त, डॉ0 सुमन कुमार सहित कुलानुशासक एवं समारोहक द्वारा सम्बोधित किया गया। जिसमसें समस्त सम्मानित प्राध्यापक–प्राध्यापिकाएं उपस्थित थी।

राष्ट्रीय कैडिट कोर प्रभारी डॉ0 डी0एन0 जोशी से प्राप्त सार संकलन सूचना समाचार के अनुसार दि0 28.11..2021 को महाविद्यालय में एन0सी0सी0 के 79 यू0के0 एवे 24 गर्ल्स बटालियन द्वारा 73वां एन0सी0सी0 दिवस मनाया गया इस अवसर पर कैडिट्स ने विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ0 जी0 सी0 पन्त प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया गया। लेफ्टि0 (डॉ0) कृष्णा भारती, प्रभारी एन0सी0सी0, डॉ0 डी0एन0 जोशी एवं डॉ0 सुमन कुमार ने सम्बोधित किया। कैडट्स की रंगा–रंग प्रस्तुतियॉ ने खूब तालियां बटोरी।

दि0 27 नवम्बर 2021 को एन0सी0सी0 व इको क्लब द्वारा कार्यशाला एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया। कार्यशाला व शिविर का उद्घाटन प्राचार्य एवं कुलानुशासक द्वारा किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मु0चिकि0 अधिकारी नैनीताल की स्वास्थ्य परीक्षण टीम द्वारा तम्बाकू निषेध, शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य, क्षय रोग रोकथाम एवं नियन्त्रण, नशामुक्ति आदि पर छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया इस अवसर पर महाविद्यालय इको क्लब प्रभारी डॉ0 डी0एन0 जोशी, मुख्य अतिथि डॉ0 मदन मेहरा, हरेन्द्र कठायत, डॉ0 मनीष पाल एवं अन्य अनेक छात्र–छात्राओं द्वारा अपने विचार विविध विषयों पर व्यक्त किये। परीक्षण टीम ने 72 छात्र–छात्राओं तथा प्रध्यापकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम में 150 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ***कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य/सभाध्यक्ष प्राफे0 एम0सी0 पाण्डे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य की जागरूकता, जीवन शैली व खान–पान, योगासन आदि पर मार्गदर्शन दिया। सभा में मनोज बाबू (एनसीडी) सरयूनन्दन सिंह, डॉ0 सुमन कुमार, डॉ0 मूलचन्द शुक्ल, डॉ0योगेश चन्द्र, डॉ0 दीपक खाती, लेफ्टि0 कृष्णा भारती, डॉ0 भूपेश पन्त, अजय सिंह एवं अनेक छात्र–छात्राएं व कर्मचारी उपस्थित थे।***

अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण, ***महाविद्यालय प्रभारी डॉ0 प्रमोद जोशी से प्राप्त सूचना के अनुसार महाविद्यालय के निवर्तमान एवं वर्तमान शिक्षण सत्र की समस्त सूचनाऐं सम्बन्धित पोर्टल पर अभिलेख के आधार पर यथावधि अंकित कर दी गयी है*** तथा IQAC के तहत् AQRC की प्रक्रिया गतिमान है।

**एन0सी0सी0 द्वारा ध्वज स्थल स्वच्छता अभियान**



# विविध पुनरावलोकन

दि0 20.10.2020 को महाविद्यालय के नवीन प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0 पाण्डे जी का महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत–अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ***01 नवम्बर 2020 को प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0पाण्डे को राज्य सरकार द्वारा डॉ0 भक्त दर्शन गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया तथा INSC द्वारा भी प्राचार्य प्रोफेसर एम0सी0 पाण्डे को बेस्ट प्रिसिंपल का पुरस्कार दिया गया।*** प्रोफेसर एम0सी0 पाण्डे, डॉ0 के0के0 पन्त को ग्लोबल ग्रीन संस्था का सलाहकार तथा डॉ0 संजय कुमार को राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ प्राध्यापक डॉ0 धमेन्द्र तिवाड़ी को INSC द्वारा श्रेष्ठ प्राध्यापक का पुरस्कार प्राप्त हुआ। ***इन उपलब्धियों पर महाविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई व्यक्त की।*** इस अवसर पर स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन महाविद्यालय स्टाफ क्लब के द्वारा किया गया। उत्तराखण्ड ***राज्य स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय विधायक श्री दीवानसिंह बिष्ट*** द्वारा डॉ0 डी0एन0 जोशी को कोरोना योद्धा पुरस्कार प्रदान किया गया।

**महाविद्यालयी पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का लोकार्पण करते प्राचार्य महोदय**




**प्राचार्य प्रो0 एम0सी0 पाण्डे एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो0 आर0डी0 सिंह साथ में महा0 एम्बेसेडर द्वारा मास्क वितरण**




दि0 11.11.2020 को महाविद्यालयी वार्षिक पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का विमोचन सम्पन्न हुआ। पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ0 प्रीति त्रिवेदी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा ***कि पत्रिका किसी भी संस्थान की वार्षिक रचनात्मक गतिविधियों, लेखन का वास्तविक प्रतिबिम्ब होती है,*** जो नई प्रतिभाओं के उबरने का मंच प्रदान करती है। ***प्राचार्य प्रोफेसर एम0सी0 पाण्डे ने महाविद्यालय परिवार सहित सम्पादक मण्डल को इस अवसर पर विशेष शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि लेखन में व्यक्त चिंतन–मनन हमारे आचरण एवं आवरण में जब परिलक्षित होने लग जाये, तब ही वास्तव में हम मनसा वाचा कर्मणा एकाकार भाव से अपने व्यक्तित्व का उन्नयन कर सकते हैं।*** रा0से0मो0वरि0का0 अधि0 के नेतृत्व में कोविड–19 एस0ओ0पी0 का पालन करते हुए ***मास्क वितरण*** किया गया तथा इसके रोकथाम, बचाव एवं सावधानी विषयक जानकारी छात्र–छात्राओं को ऑन/ऑफ लाइन विधि द्वारा उपलब्ध कराई गई। महाविद्यालय ध्वज प्रांगण में 26 नवम्बर 2020 को संविधान दिवस मनाया गया। 28 नवम्बर को एन0सी0सी0 कैडेट चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। 11 जनवरी 2021 को युवा दिवस के अवसर पर विवेकानन्द जी का भावपूर्ण स्मरण करते हुए राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता के क्रम में महाविद्यालय मे भी छात्र–छात्रओं द्वारा बढ़–चढ़कर भागीदारी की गई। जनवरी 25 एवं 26 को क्रमशः मतदाता जारूकता अभियान एवं गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुए, सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत फरवरी 10 को जारूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद ने ***15–16 फरवरी को महाविद्यालय में निरीक्षण किया। मातृभाषा के संरक्षण पर बल देते हुए 23 फरवरी को अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया।***

26 फरवरी को रा0से0यो0 के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान परिसर में चलाया। ***10 मार्च को निदेशक उच्च शिक्षा डॉ0 कुसुम रौतेला एवं राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ0 बहादुर सिंह बिष्ट द्वारा संयुक्त स्मार्ट क्लास का उद्घाटन*** महाविद्यालय रामनगर के प्राध्यापकों एवं कार्मिकों को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। 09 मार्च से 16 मार्च तक रा0से0यो0 छात्रा इ0 का विशेष शिविर सम्पन्न हुआ। अन्त0 महिला दिवस की पूर्व सन्ध्या पर संगीत विभाग द्वारा शास्त्रीय संगीत

प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। 18 मार्च को आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्था में निबन्ध लेखन, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तर, भाषण, वाद–विवाद, नुक्कड़ नाटक एवं स्लोगन लेखन आदि के विविध कार्यक्रम विभागीय परिषदों द्वारा सम्पन्न हुए।

***15 मार्च को बी0एड0 संकाय द्वारा अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।*** 18–23 मार्च तक पुनः रा0से0यो0 विशेष शिविर का आयोजन हुआ। 25 मार्च को छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ***22 मार्च को रा0से0यो0ई0 द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर जल जागरूकता रैली निकाली गई।*** वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 23 मार्च को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला में ***'उत्तराखण्ड का स्वतन्त्रता संग्राम में योगदान'*** विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई। वरि0कार्य0अधि0 डॉ0 जे0एम0 एस0 नेगी के नेतृत्व में विश्व क्षय रोग निवारण दिवस 24 मार्च को सम्पन्न हुआ।

रंगोत्सव होली मिलन कार्यक्रम परिसर में सम्पन्न हुआ तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत विविध स्पर्धाएँ आयोजित की गई। 03 अप्रैल को परिसर में ***एन0सी0सी0 24 यू0के0 B.N.*** द्वारा रेंक सेरेमनी का अयोजन किया गया। ***07 अप्रैल को महाविद्यालय आई0क्यू0ए0सी0*** द्वारा ***'लेखांकन एवं कर्तव्य प्रबन्ध'*** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। योग विभाग द्वारा कोरोना के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया तथा 21 मई को महाविद्यालय में भी सप्तम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का अयोजन किया गया। 05 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

***11 जुलाई को वित्तीय साक्षरता पर डॉ0 किरन पन्त एवं डॉ0 भावना पन्त के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय बेबीनार का आयोजन सम्पन्न हुआ।*** 16 जुलाई को हरेला उत्सव के तहत परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कोविड–19 के चलते विद्यार्थियों को ऑन लाइन अध्यापित किया गया। 26 जुलाई को शहीदों की मधुर स्मृति में पौधारोपण करते हुए महाविद्यलाय में शौर्य दिवस मनाया गया तथा सुषमा कपूर की सेवानिवृत्ति पर उन्हें स्टाफ क्लब द्वारा विदाई प्रदान की गई। भूगोल विभाग के डॉ0 डी0एन0जोशी द्वारा GIS एवं RS पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला/बेबीनार का आयोजन किया गया। 04 अगस्त को डॉ0 भावना पन्त द्वारा प्रकृति के संरक्षण और सतत् विकास के लिए ग्लोबल गो ग्रीन विषय पर राष्ट्रीय बेबीनार का आयोजन किया गया। ***एन0सी0सी0 की छात्राओं द्वारा ध्वजारोहण स्थल की स्वच्छता की गई।***

महाविद्यालय ईको क्लब को ग्रीन चैम्पियनशिप पुरूस्कार प्राप्त होने पर प्रभारी डी0डी0एन0 जोशी ने नेतृत्व में हर्षोत्सव मनाया गया जिसमें आयोजन सचिव कुलानुशासक डॉ0 जी0सी0पन्त का मार्गदर्शन छात्र–छात्राओं को प्राप्त हुआ। समाजशास्त्र विभाग द्वारा ऑनलाईन कक्षाओं के प्रभाव विषय पर सर्वेक्षण–संरक्षण विषयक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 19 अगस्त को सम्पन्न इस कार्यक्रम में विभाग प्रभारी प्रोफेसर सुमन कुमार डॉ0 योगेश चन्द्र, डॉ0 विजयानन्द, डॉ0 प्रभदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। ***26 अगस्त को महाविद्यालय परिसर में प्रवेश से पूर्व अनिवार्य कोरोना टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।***

हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ0 प्रीति त्रिवेदी के दिशा–निर्देशन में 05 सितम्बर 2021 को गुरू दिवस व्याख्यानमाला श्रृंखलान्तर्गत 'राष्ट्र भक्त भारतेन्दु हरीशचन्द्र' पर एक दिवसीय बेवीनार, सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए विभाग प्रभारी ने कहा कि अल्प आयु प्राप्त भारतेन्दु जी ने न केवल हिन्दी साहित्य की सेवा की वरन् उन्होंने अपने लेखन के द्वारा अशिक्षा और अज्ञानता के अंधकार में डूबे तत्कालीन भारतीय समाज को जागृत करने का कार्य किया। प्राचार्य प्रोफेसर एम0सी0 पाण्डे ने भारतेन्दु हरिशचन्द्र को भारतीय पुनर्जागरण का देवदूत बताते हुए उनकी स्वर्णिम पंक्तियों का उल्लेख किया–

***जिसको न निज भाषा तथा निज देश पर अभिमान है।***
***वह नर नहीं, नरपशु निरा, और मृतक समान है।।***

कार्यक्रम में डॉ0 जी0सी0 पन्त ने अपने भावनाओं को भारतेन्दु जी की ही पंक्तियों में व्यक्त किया–

***निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।***
***बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को शूल।।***

***कार्यक्रम में डॉ0 दुर्गा तिवारी एवं डॉ0 ज्योति मौलेखी एवं शोध छात्र–छात्राओं आदि की सक्रिय भागीदारी रही।*** ऑनलाईन आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ सहित अनेक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

राज्य सरकार द्वारा दिनांक 05 सितम्बर को महाविद्यालय के ***प्राचार्य प्रोफे0 एम0सी0 पाण्डे को "प्रिंसिपल ऑफ द ईयर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा इसी दिवस को महाविद्यालय के प्राध्यापक***

रक्तदान : महादान




स्वतन्त्रता दिवस पर महाविद्यालय स्टाफ



***डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार एवं प्राध्यापिका डॉ0 अनुमिता अग्रवाल को 'टीचर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।*** समस्त महाविद्यालय परिवार के लिए यह गौरव के क्षण थे। प्राचार्य एवं पुरस्कार प्राप्त प्राध्यापकद्वय का स्टाफ क्लब द्वारा सार्वजनिक अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ईको क्लब द्वारा हिमालय संरक्षण, संवर्द्धन हेतु हिमालय दिवस का कार्यक्रम 09 सितम्बर को सम्पन्न हुआ। भूगोल विभाग द्वारा 16 सितम्बर को गुरू दिवस व्याख्यानमाला के अन्तर्गत 'बढ़ते जल संकट के कारण—जलवायु परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम ऑनलाईन सम्पन्न हुआ। 24 सितम्बर को रा0से0यो0 का स्थापना दिवस वरि0 कार्यक्रम अधि0 डॉ0 जे0एम0एस0नेगी के नेतृत्व में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम सहित विविध स्पर्धाएँ सम्पन्न हुई जिसमें स्वयं सेवियों द्वारा बढ़ चढ़ कर भागीदारी की गई। ***ईको टूरिज्म प्रभारी डॉ0 अनीता जोशी के नेतृत्व में दिनांक—27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।***

***गुरू दिवस व्याख्यानमाला श्रृंखला में जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा सांस्कृतिक एवं जैव विविधता और नन्दा राजजात यात्रा*** वार्ता शीर्षक पर एक दिवसीय बेबीनार 30 सितम्बर 2021 को सम्पन्न हुआ। विभाग प्रभारी डॉ0 भावना पन्त द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों/छात्र—छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

**सर्वाधिकार@सुरक्षित :**
**स्वामित्व/संरक्षकः— प्रोफेसर एम0सी0 पाण्डे, प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल(उत्तराखण्ड), द्वारा ई—बुलेटिन "अभ्युदय", राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल(उत्तराखण्ड), भारत हेतु।**

| | |
|---|---|
| **संरक्षकः** | **प्राचार्य** |
| **सम्पादकः** | **डी0सी0 पाण्डेय** |
| **तकनीकि सहयोगः** | **डॉ0 सुभाष पोखरियाल** |
| **लिप्यान्तरण, परिकल्पना, संकलन एवं रंग संयोजन** | **डॉ0 दुर्गा तिवारी** |
| **चित्रमाला एवं अभिलेखन** | **डॉ0 ज्योति मौलेखी** |
| **टंकनः** | **महाविद्यालय हेतु हिमांशु पपनैं**<br>**सम्पर्क सूत्र— 8279760392** |
| **सन्/माह** | **2021/दिसम्बर** |
| **ई—बुलेटिन अवधि** | **द्विमासिक** |

**आलोकः— ई—बुलेटिन में टंकित/अंकित चित्रादि सामग्री विभिन्न विभागानुभाग प्रभारियों से प्राप्त अभिलेख एवं सूचना के आधार पर उल्लेखित है।**